04 स्लॉट बुकिंग और खरीदी अव्यवस्था पर भड़के...




07 सेकनपुर में दिनदहाड़े तो सेमलापार में रात के...





## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किसान भाइयों से नरवाई नहीं जलाने की अपील की

**सीहोर।** जिले के किसानों से नरवाई/फसल अवशेष नहीं जलाने की कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा गत दिवस अपील की गई है। कृषकों द्वारा अपनी सुविधा के लिए गेहूं फसल की कटाई पश्चात खेत में आग लगाकर गेंहू के डंटलों को नष्ट किया जाता है जिससे व्यापक अग्नि दुर्घटना एवं जन धन की हानि होने की संभावना रहती है। जिससे मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ता है। सैटेलाइट मॉनिटरिंग के माध्यम से प्राप्त सूचना अनुसार जिले में प्रतिदिन नरवाई में आग लगाने की दुर्घटनायें प्रदर्शित हो रही है। जो कृषि एवं पर्यावरण की दृष्टि से अत्यंत ही नुकसानदायक है। किसान भाईयों से अपील की गई है कि गेहूं कटाई पश्चात खेत की नरवाई का उचित प्रबंधन करें जैसे- रोटावेटर चलाकर नरवाई को खेत में मिला दे जिससे मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ेगी, स्ट्रारीपर द्वारा भूसा बनाकर मवेशियों के लिए उपयोग किया जा सकता है एवं बेलर मशीन से नरवाई के बंडल बनाकर पशु चारा एवं ईंधन आदि उपयोग किया जा सकता है। किसानों से अनुरोध है कि एक से दो ट्रॉली भूसा बनवाकर जिले में संचालित गौशालाओं में दान करने से पशुओं के आहार में उपयोग हो सकता है।

### सीहोर गल्ला मंडी में प्रतिदिन 10 से 15 हजार क्विंटल की आवक, जिम्मेदारों की अनदेखी बनी अन्नदाता की समस्या

# गेहूं खरीदी सिस्टम फेल: स्लॉट अटके, केंद्र सूने किसान परेशान, कम दामों पर बिक रही फसल

खरीदी केंद्रों पर इस बार पहले जैसी चहल-पहल देखने को नहीं मिल रही। जहां पहले ट्रैक्टर-ट्रॉली की लंबी कतारें लगती थीं, अब वहां सन्नाटा पसरा हुआ है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी व्यवस्था पूरी तरह से चरमराती नजर आ रही है। जहां एक ओर छोटे किसान स्लॉट बुकिंग के लिए भटक रहे हैं, वहीं बड़े किसानों की खरीदी अब तक शुरू नहीं हो सकी है। इस अव्यवस्था के चलते किसानों की आर्थिक चिंता लगातार बढ़ती जा रही है और मंडी में उन्हें मजबूरी में कम दामों पर फसल बेचनी पड़ रही है।



### स्लॉट सिस्टम बना सबसे बड़ी परेशानी

शासन द्वारा लागू स्लॉट बुकिंग सिस्टम किसानों के लिए राहत के बजाय सिरदर्द बन गया है। छोटे किसानों को प्राथमिकता देने की बात कही गई थी, लेकिन हकीकत में 4 से 5 एकड़ तक के किसान भी स्लॉट के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बड़े किसानों की खरीदी तो अब तक शुरू ही नहीं हो सकी है, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई है।

### सूने पड़े खरीदी केंद्र, काम ठप

खरीदी केंद्रों पर इस बार पहले जैसी चहल-पहल देखने को नहीं मिल रही। जहां पहले ट्रैक्टर-ट्रॉली की लंबी कतारें लगती थीं, अब वहां सन्नाटा पसरा हुआ है। दिनभर में गिनी-चुनी ट्रॉलियां ही पहुंच रही हैं। इसका सीधा असर तुलावटियों पर पड़ा है, जिन्हें काम नहीं मिलने के कारण सेंटर छोड़ना पड़ रहा है।

इधर,सीहोर कृषि उपज मंडी में इन दिनों 10 से 15 हजार क्विंटल अनाज की आवक हो रही है, जिसमें 5 से 7 हजार क्विंटल गेहूं शामिल है। अधिक आवक के चलते गेहूं के दाम दबाव में आ गए हैं। किसानों को 2000 से 2500 रुपए प्रति क्विंटल तक के कम भाव पर फसल बेचनी पड़ रही है, जबकि समर्थन मूल्य 2625 रुपए है।

### अवैध डंपिंग से बढ़ी गड़बड़ी

कुछ वेयरहाउसों में नियमों को ताक पर रखकर बड़े किसानों का गेहूं अवैध रूप से डंप किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे पूरी खरीदी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं और छोटे किसानों के साथ अन्याय की स्थिति बन रही है। किसानों के सामने उधारी चुकाने, शादी-ब्याह और खेती के खर्च का दबाव बढ़ता जा रहा है। ऐसे में वे मजबूरी में खुले बाजार में कम दाम पर फसल बेचने को विवश हैं।

### प्रशासन का दावा, जल्द सुधरेगी स्थिति

जिले में इस वर्ष 240 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं और 1,02,485 किसानों ने पंजीयन कराया है। प्रशासन ने करीब 7 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य रखा है। हालांकि अब तक लगभग 25,000 किसानों से 1.15 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी ही हो सकी है, जो लक्ष्य के मुकाबले धीमी रफ्तार को दर्शाता है। सहायक जिला आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल का कहना है कि तकनीकी समस्याओं के कारण स्लॉट बुकिंग प्रभावित हुई थी, जिसे अब ठीक किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक जल्द ही व्यवस्था पटरी पर लौटेगी और खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से शुरू हो जाएगी।



## प्रति पेपर 500 रुपए फीस, द्वितीय अवसर की परीक्षा में छात्रों पर बोझ

**सीहोर ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा पूरक परीक्षा के स्थान पर शुरू की गई द्वितीय परीक्षा को छात्रों के लिए राहतभरी व्यवस्था बताया गया था, लेकिन हकीकत में यह विद्यार्थियों के लिए आर्थिक बोझ बन रही है।

10वीं और 12वीं के अनुत्तीर्ण, अनुपस्थित एवं अंक सुधार के इच्छुक छात्रों को दूसरा अवसर तो दिया गया है, लेकिन अधिक फीस और कम समय ने विद्यार्थियों की चिंता बढ़ा दी है। बोर्ड ने प्रति विषय 500 रुपए शुल्क तय किया है। इससे चार विषयों में फेल छात्र को 2000 रुपए तक भुगतान करना पड़ रहा है। मुख्य परीक्षा में पहले ही करीब 1500 रुपए शुल्क लिया जा चुका है। अभिभावकों का कहना है कि इतनी जल्दी दोबारा राशि जुटाना कठिन है।

7 मई से शुरू होने वाली परीक्षा के लिए तैयारी का समय भी विद्यार्थियों के पास बहुत कम है। इसी कारण कई छात्र फॉर्म नहीं भर रहे हैं। अवसर से वंचित होने की स्थिति बन रही है। {10वीं के छात्र रोहित मिश्रा का कहना है कि उन्हें तीन विषयों की परीक्षा देनी है। इसकी फीस 1500 रुपए है। यह उनके लिए काफी अधिक है। परीक्षा की तैयारी के लिए समय भी कम बचा है। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। इसी कारण उनके पिता ने द्वितीय परीक्षा का फॉर्म भरवाने से मना कर दिया है। परीक्षा शुल्क कम होती तो वे पुनः परीक्षा में शामिल हो सकते थे। {12वीं के छात्र ईश्वर मेवाड़ा ने बताया कि वे ग्रेड सुधार के लिए द्वितीय परीक्षा देना चाहते थे। अधिक फीस और नजदीक परीक्षा तिथि के कारण तैयारी संभव नहीं हो पा रही है। उनका कहना है कि इतने कम समय में तैयारी के लिए पैसे खर्च करना व्यर्थ है। इसलिए उन्होंने परीक्षा न देने का निर्णय लिया है। परीक्षा शुल्क कम करना चाहिए।

एक पेपर का खर्च 100 रु. ले रहे 500 प्रिंटिंग प्रेस से जुड़े लोगों के अनुसार, एक पेपर की कुल लागत 80 से 120 रु. आती है। इसमें उत्तर पुस्तिका, प्रश्न पत्र, प्रिंटिंग, पैकिंग, परिवहन, परीक्षा केंद्र व्यवस्था, पर्यवेक्षक, मूल्यांकन और रिजल्ट प्रोसेसिंग शामिल है। इसके बावजूद बोर्ड द्वारा लगभग 500 रुपए प्रति पेपर वसूले जा रहे हैं। यह वास्तविक खर्च से 5 गुना अधिक है। बोर्ड इसमें परीक्षा केंद्र, स्टाफ, सुरक्षा, आईटी खर्च आदि भी जोड़ता है। इसके बाद भी 500 रुपए ज्यादा हैं।

## विमला देवी राय इंटर हाउस लीग क्रिकेट स्पर्धा में यश ने खेली 61 रन की पारी

### इंटीग्रिटी सॉल्यूशन टीम ने गणेश टायर को 113 रन से हराया




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बुधवार से विमला देवी राय इंटर हाउस लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इसमें शुभारंभ मैच में इंटीग्रिटी सॉल्यूशन टीम ने गणेश टायर को 113 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंटीग्रिटी साल्यूशन ने 298 रन बनाए थे, वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी गणेश टायर की पूरी टीम 185 रन ही बना सकी। इंटीग्रिटी साल्यूशन की ओर से मनहर त्रिपाटी ने चार विकेट और यश कुशवाहा ने 61 रन बनाए थे। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा सहित अन्य सीनियर खिलाड़ियों ने किया। इस मौके पर आयोजन समिति की ओर से प्रमोद पटेल क्रिकेट अकादमी के कोच आदर्श राय, मनोज दीक्षित मामा आदि शामिल थे।

बुधवार की सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंटीग्रिटी साल्यूशन टीम की टीम 39.4 ओवर में दस विकेट खोकर 298 रन बनाए थे। इसमें भविष्य त्यागी ने 23 रन, हर्ष ने 58 रन, यश कुशवाहा ने 61 रन, बिल्ला 46 रन, रोहन चंद्रवंशी ने 34 रन, नितिन चौहान ने 10 रन, मनहार ने 28 रन बनाए थे। वहीं गणेश टायर की ओर से मानस राठौर ने आठ ओवर में 56 रन देकर चार विकेट, पूर्वेश ने दो विकेट, राज कुशवाहा-मनीष परमार ने एक-एक विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी गणेश टायर की टीम 27.4 ओवर में 185 रन पर सिमट गई। इसमें दीपेश सेन ने 49 रन, राज कुशवाह ने 51 रन, अतुल त्रिवेदी 14 रन, इशान 10 रन, सहज ने 13 रन, बुरहान अली 22 रन बनाए थे। इधर इंटीग्रिटी साल्यूशन टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए मनहर त्रिपाटी ने चार विकेट, विपिन वर्मा दो विकेट, भविष्य त्यागी, दर्शिल समाधिय और यश कुशवाहा ने एक-एक विकेट हासिल किया।

### आज खेला जाएगा

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि बीएसआई पर खेली जा रही प्रतियोगिता में गुरुवार की सुबह कृष्णा ब्लास्टर और क्रिसेंट वारियर्स के मध्य मैच खेला जाएगा।

## खेत की आग से हाईवे पर हादसा ई-स्कूटर व बाइक जलकर खाक

### आग से किसी जनहानि की खबर नहीं है, लेकिन दोनों दोपहिया वाहन पूरी तरह जल गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इंदौर-भोपाल हाईवे पर ग्राम जताखेड़ा जोड़ के पास मंगलवार शाम खेत में लगी आग की चिंगारी से बड़ा हादसा हो गया। खेत से उड़ी चिंगारी के कारण हाईवे से गुजर रहे एक इलेक्ट्रिक स्कूटर और बाइक में अचानक आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाईवे से सटे खेत में अज्ञात कारणों से आग लगी थी। तेज हवा के कारण आग की चिंगारियां हाईवे तक पहुंच गईं। इसी दौरान वहां से गुजर रहे इलेक्ट्रिक स्कूटर और बाइक चिंगारी की चपेट में आ गए और देखते ही देखते दोनों वाहन आग की लपटों में घिर गए। गनीमत रही कि वाहन चालकों ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचाई।

### दमकल ने पाया काबू

घटना की सूचना मिलते ही आष्टा नगरपालिका की दमकल टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक स्कूटर और बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो चुके थे।

### प्रशासन की अपील

स्थानीय प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे फसल अवशेष जलाने से बचें, खासकर हाईवे के किनारे वाले खेतों में। तेज गर्मी और हवा के कारण छोटी सी चिंगारी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि खेत में आग कैसे लगी।

### सफलता के लिए मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प आवश्यक : कलेक्टर

# नूतन हासे स्कूल के श्लोक प्रजापति ने प्रदेश प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले सीहोर जिले के मेधावी विद्यार्थियों को कलेक्टर श्री बालागुरु के. तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने सम्मानित किया।

इस सम्मान समारोह का मुख्य आकर्षण नूतन हायर सेकेंडरी स्कूल, सीहोर के छात्र श्लोक प्रजापति रहे, जिन्होंने 12वीं कक्षा के गणित संकाय में 98.60% अंक हासिल कर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। श्लोक की इस उपलब्धि से न केवल उनका परिवार बल्कि पूरा स्कूल और सीहोर जिला गौरवान्वित हुआ है।




### कलेक्टर ने फूलमाला पहनाई दिए सफलता के लिए मंत्र

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर बालागुरु के. और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने मेरिट लिस्ट में आए सभी विद्यार्थियों को फूलमाला पहनाकर तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने कहा, ₹परिश्रम ही सफलता का मूल मंत्र है।

सफलता के लिए मेहनत, लगन, और दृढ़ संकल्प आवश्यक हैं।₹ उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि परिश्रम वही सफल होगा जो सही दिशा में किया जाए। जीवन में लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहें और किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहें। अभी यह सिर्फ एक पड़ाव है, जीवन में ऐसे कई पड़ाव आएंगे।

विषम परिस्थितियों में भी खुद पर विश्वास बनाए रखना है। कलेक्टर ने बच्चों को हमेशा सीखने की ललक बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हर दिन नियमित अखबार-मैगजीन पढ़ें, इससे पूरी दुनिया की खबरों से अपडेट रहेंगे। ₹कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, दृष्टिकोण बड़ा होना चाहिए। आप जिस क्षेत्र में भी करियर बनाना चाहते हैं, उसमें अधिकतम करने का लक्ष्य बनाएं।

## स्वास्थ्य विभाग की क्षेत्रीय संचालक ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्वास्थ्य विभाग भोपाल संभाग की क्षेत्रीय संचालक डॉ नीरा चौधरी एवं आरएमएनसीएच कॉर्डिनेटर डॉ सविता द्वारा सीहोर जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया।

सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि निरीक्षण दौरान डॉ चौधरी ने ट्रामा सेंटर, एक्सरे रूम, आईसीयू, मेल फीमेल वार्ड सहित सभी यूनिटों का निरीक्षण किया और वहां संचालित सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सभी सेवाएं प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ उमेश श्रीवास्तव, डॉ रशिम पटेल, डॉ पुष्पा कन्नौजिया, डा. परमार, डॉ दीपक बेहरिया, रीना पाटीदार, संजूलता सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।



## लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने की एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा बढ़ते हुए तापमान से स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रवभावों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस संबंध में जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रभारी अधिकारियों को सतत निगरानी एवं उपचार के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही सभी स्वास्थ्य कर्मियों का उन्मुखीकरण भी किया जा रहा हैं। सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के अधिकारियों को आने वाले मरीजो की लू के लक्षणों की जांच करने, उचित प्रबंधन करने, ठंडे पेयजल की व्यवस्था करने तथा वार्ड में शीतलता के लिए पंखों की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि तेज धूप एवं ज्यादा देर तक रहना लू लगने का प्रमुख कारण होता है। इससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है जिससे इलेक्ट्रोराइड का असंतुलन हो जाता हैं। उन्होंने बताया की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में एक हीट स्ट्रोक मैनेजमेंट यूनिट बनाई जा रही हैं एवं गर्मी से संबंधित बीमारी से बचाव के लिए आवश्यक दवाइयां संस्थाओं में उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके साथ ही सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में ओआरएस कार्नर बनाए जा रहे हैं। संवेदनशील समूहों जैसे गर्भवती महिला, बच्चों एवं वृद्धजनों के लिए भी अस्पतालों में पर्याप्त व्यवस्थाओं के निर्देश जारी किये गए है।

**खबर संक्षेप**

### ऑनलाइन हाजिरी कमजोर, नोडल अधिकारी नियुक्त

**सीहोर।** जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने में जिले की स्थिति संतोषजनक नहीं है। इसके बाद जिले में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों को नोडल अधिकारी बनाया गया। संकुल प्राचार्यों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने विकासखंड के सभी शासकीय शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करें। हर दिन की रिपोर्ट भेजें। सभी प्राचार्यों को भी निर्देशित किया गया है कि वे स्कूल में कार्यरत सभी शिक्षकों की उपस्थिति, अवकाश की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कराएं। आदेश का उल्लंघन होने पर संबंधितों का वेतन रोकने की कार्रवाई की जाएगी।

### ऑनलाइन हाजिरी कमजोर, नोडल अधिकारी नियुक्त

**सीहोर।** जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने में जिले की स्थिति संतोषजनक नहीं है। इसके बाद जिले में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों को नोडल अधिकारी बनाया गया। संकुल प्राचार्यों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने विकासखंड के सभी शासकीय शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करें। हर दिन की रिपोर्ट भेजें। सभी प्राचार्यों को भी निर्देशित किया गया है कि वे स्कूल में कार्यरत सभी शिक्षकों की उपस्थिति, अवकाश की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कराएं। आदेश का उल्लंघन होने पर संबंधितों का वेतन रोकने की कार्रवाई की जाएगी।


### सिंचाई व्यवस्था को लेकर भी किसानों ने की नाराजगी जाहिर

# स्लॉट बुकिंग और खरीदी अव्यवस्था पर भड़के किसान, 28 अप्रैल को आंदोलन की चेतावनी

स्लॉट बुकिंग में तकनीकी खामियां, उपार्जन केंद्रों पर बारदान की कमी, खरीदी क्षमता सीमित होना और बड़े किसानों को प्राथमिकता दिए जाने जैसे मुद्दों से छोटे एवं मध्यम किसान खासे परेशान हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



क्षेत्र में गेहूं खरीदी के दौरान आ रही अव्यवस्थाओं और प्रशासनिक लापरवाही के विरोध में किसान स्वराज संगठन ने बुधवार को मोर्चा खोल दिया। संगठन के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम सुधीर कुशवाह को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। संगठन व किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो 28 अप्रैल को विशाल आंदोलन और धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

ज्ञापन में किसान संघ ने आरोप लगाया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की प्रक्रिया पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुकी है। स्लॉट बुकिंग में तकनीकी खामियां, उपार्जन केंद्रों पर बारदान की कमी, खरीदी क्षमता सीमित होना और बड़े किसानों को प्राथमिकता दिए जाने जैसे मुद्दों से छोटे एवं मध्यम किसान खासे परेशान हैं। कई किसानों को समय पर स्लॉट नहीं मिल पा रहा, वहीं जिनका स्लॉट बुक हो रहा है, उन्हें भी केंद्रों पर घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इससे फसल की गुणवत्ता प्रभावित होने के साथ आर्थिक नुकसान की आशंका भी बढ़ रही है।

उन्होंने ने मांग की कि गेहूं खरीदी की प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाया जाए, स्लॉट बुकिंग प्रणाली में सुधार कर सभी किसानों को समान अवसर दिया जाए तथा उपार्जन केंद्रों पर पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही सैटेलाइट सत्यापन और पंजीयन की जटिल प्रक्रियाओं को सरल करने की भी मांग उठाई गई, ताकि किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके अलावा ज्ञापन में मूंग फसल खरीदी को लेकर भी चिंता जताई गई। किसानों ने अविलंब मूंग खरीदी की घोषणा करने, गिरदावरी और पंजीयन प्रक्रिया शुरू करने तथा प्लेट कांटे से तुलाई प्रारंभ करने की मांग की। किसानों का कहना है कि यदि समय पर खरीदी व्यवस्था लागू नहीं हुई तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

सिंचाई व्यवस्था को लेकर भी किसानों ने नाराजगी जाहिर की। गोपालपुर क्षेत्र की नर्मदा उद्वहन सिंचाई परियोजना लंबे समय से बंद पड़ी है, जिससे खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा। किसानों ने इस परियोजना को तत्काल शुरू करने की मांग की, ताकि आगामी फसलों के लिए पर्याप्त सिंचाई सुविधा मिल सके। ज्ञापन में नरवाई जलाने के मामलों को लेकर भी प्रशासन के रुख पर सवाल उठाए गए। किसानों ने कहा कि जिन किसानों पर नरवाई जलाने के प्रकरण दर्ज किए गए हैं, उन्हें बिना शर्त वापस लिया जाए, क्योंकि कई मामलों में बिना पूरी जांच के कार्रवाई की गई है।

किसान स्वराज संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान में किसान चारों तरफ से परेशान है और उसकी समस्याओं को लेकर प्रशासन गंभीर नहीं दिख रहा। यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया तो किसान मजबूर होकर सड़कों पर उतरेंगे।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष गजेन्द्र जाट, प्रदेश प्रवक्ता शंकर पटेल, जिला अध्यक्ष भगवान सिंह यादववंशी, तहसील अध्यक्ष हरि सिंह कुशवाह सहित विष्णु डोड, संदीप कीर और देवेंद्र जाट समेत कई किसान मौजूद रहे।

## पीएम आवास देने के बदले 10 हजार रुपए रिश्वत मांगने वाले पंचायत सचिव की कलेक्टर से की शिकयत

**इछावर।** पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने के बदले पंचायत सचिव द्वारा 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगने की शिक़ायत अब हितग्राही ने कलेक्टर से की है।

मामला ग्राम पंचायत दीवड़िया का है। जहां गांव के रामसिंह वर्मा पिता गणपत सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर जनसुनवाई में एक आवेदन दिया। आवेदन में हितग्राही ने कहा कि उसका नाम पीएम आवास योजना की हितग्राही सूची में शामिल हैं। लेकिन पंचायत सचिव केशव मेथिल द्वारा आवास की किश्त डालने के बदले उनसे 10 हजार रुपए रिश्वत की मांग की जा रही है। घूस नही देने पर आरोपी सचिव ने अभी तक उनके खाते में आवास की किश्त जमा नहीं कराई है।

आवेदक ने बताया कि वह इस संबंध में पिछले दिनों इछावर एसडीएम और जपं सीईओ को भी लिखित शिकायत कर चुके है, लेकिन अभी तक न तो उन्हें योजना का लाभ मिला है और न ही आरोपी सचिव के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई है।

ऐसे में आरोपी के होंसले बुलंद हैं और अब वह आवास निरस्त करने की धमकी दे रहा है। ज्ञापन में आवेदक ने मामले की जांच कर आरोपी सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए उसे शासन की योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।

# चार गुना मुआवजे पर सियासत तेज पुराने किसानों के हक पर उठे सवाल

**भैरुंदा।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण पर बाजार दर का दो गुना से बढ़ाकर चार गुना मुआवजा देने के फैसले ने प्रदेश की सियासत को गरमा दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में "किसान कल्याण वर्ष-2026" के तहत लिए गए इस निर्णय को सरकार जहां ऐतिहासिक कदम बता रही है, वहीं विपक्ष इसके क्रियान्वयन और दायरे को लेकर सवाल उठा रहा है।

बुधनी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल शर्मा ने इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए सरकार को घेरते हुए कहा कि यह निर्णय तभी सार्थक होगा, जब इसका लाभ उन किसानों को भी मिले, जिनकी जमीन पहले ही विभिन्न परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित की जा चुकी है। उन्होंने विशेष रूप से रेलवे लाइन और हाईवे निर्माण के लिए जमीन गंवाने वाले किसानों का मुद्दा उठाया। मस्ताल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से सीधा सवाल करते हुए पूछा कि क्या पहले जिन किसानों को केवल दो गुना मुआवजा दिया गया था, उन्हें अब संशोधित नीति के तहत चार गुना मुआवजा मिलेगा या फिर उन्हें पुराने नियमों के तहत ही छोड़ दिया जाएगा।



उन्होंने आरोप लगाया कि बुधनी क्षेत्र के किसानों को लंबे समय से विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गेहूं खरीदी में देरी, खाद की कमी और भूमि अधिग्रहण के मामलों में उचित मुआवजा नहीं मिलने से किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है। मस्ताल ने कहा कि कई मामलों में किसानों की पुश्तैनी जमीन औने-पौने दामों पर अधिग्रहित कर ली गई, जिससे वे आर्थिक रूप से कमजोर हो गए।

कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि एक ओर भैरूंदा क्षेत्र को विकास योजनाओं और मेट्रोपॉलिटन सुविधाओं से वंचित रखा गया, वहीं दूसरी ओर विकास कार्यों के नाम पर किसानों की जमीन तो ली गई, लेकिन उन्हें उसका समुचित लाभ नहीं मिला। इससे क्षेत्र के किसानों में असंतोष लगातार बढ़ रहा है। मस्ताल ने सरकार से मांग की है कि वह स्पष्ट करे कि क्या यह नई मुआवजा नीति पूर्व में हुए भूमि अधिग्रहण पर भी लागू होगी। यदि ऐसा नहीं होता है, तो उन किसानों को न्याय दिलाने के लिए सरकार क्या वैकल्पिक व्यवस्था करेगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पुराने किसानों को इस फैसले से बाहर रखा गया, तो यह उनके साथ एक और अन्याय होगा। बुधनी क्षेत्र के किसान अब अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हैं और किसी भी प्रकार के भेदभाव या "छलावे" को स्वीकार नहीं करेंगे। जरूरत पड़ने पर वे आंदोलन का रास्ता भी अपनाएंगे।

# नशे की जद में युवा और नाबालिगः भैरूंदा में रोजाना किलो के हिसाब से गांजे की खपत



**भैरुंदा।** बड़ी मात्रा में गोगो नाम के रैपर के पैकेट से अंदाजा लगाया जा सकता है।



**भैरुंदा।** खाली सिगरेट के रैपर में गांजा भरता युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

शहर में नशे का फैलता जाल अब खतरनाक रूप लेता जा रहा है। खासकर युवा और नाबालिग तेजी से इसकी गिरफ्त में आते नजर आ रहे हैं। हालात ऐसे बन चुके हैं कि शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन किलो के हिसाब से गांजे की खपत हो रही है। इस अवैध कारोबार से हर माह लाखों रुपए का लेन-देन हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की निष्क्रियता ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है।

जानकारी के अनुसार, शहर में सक्रिय तस्कर गांजे की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर करीब 100 रुपए में आसानी से उपलब्ध करा रहे हैं। यह कारोबार अब छिपकर नहीं, बल्कि कई स्थानों पर खुलेआम संचालित हो रहा है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इसमें युवा और नाबालिग भी तेजी से शामिल होते जा रहे हैं, जो समाज और आने वाली पीढ़ी के भविष्य के लिए बड़ा खतरा है।

शहर के कई हिस्सों में विशेषकर शासकीय कार्यालय परिसरों, सुनसान क्षेत्रों और स्कूलों के आसपास—युवाओं को खुलेआम गांजा सेवन करते देखा जा सकता है। पहले जहां युवा सिगरेट तक सीमित थे, वहीं अब वे आसानी से गांजे की ओर आकर्षित हो रहे हैं। पान दुकानों और किराना स्टोर्स से खाली सिगरेट और रोलिंग पेपर खरीदकर उसमें गांजा भरकर सेवन किया जा रहा है, जिससे इसकी पहचान करना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय बाजार में "गोगो" नाम से मिलने वाले खाली रैपर और रोलिंग पेपर युवाओं के लिए आसानी से उपलब्ध हैं। एक खाली सिगरेट करीब 10 रुपए में मिल जाती है, जबकि 10 रुपए में तीन रोलिंग पेपर खरीदे जा सकते हैं। सस्ती कीमत और आसान उपलब्धता ने नशे को और बढ़ावा दिया है, जिससे युवा वर्ग तेजी से इसकी ओर खिंचता जा रहा है।

पड़ताल में यह भी सामने आया है कि भैरूंदा और गोपालपुर थाना क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में गांजा तस्करी का संगठित नेटवर्क सक्रिय है। ग्रामीण क्षेत्रों से शहर में लगातार सप्लाई हो रही है, वहीं कुछ लोग गांवों में जाकर भी गांजा खरीद रहे हैं। कई स्थानों पर यह अवैध कारोबार इतने खुले रूप में चल रहा है कि स्थानीय लोगों को इसकी पूरी जानकारी है, लेकिन कार्रवाई के अभाव में तस्करों के हौसले बुलंद हैं।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पुलिस और संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं। यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो स्थिति और भयावह हो सकती है। युवाओं का भविष्य दांव पर लगा है और नाबालिगों का इस दलदल में फंसना समाज के लिए गंभीर चेतावनी है।

विशेषज्ञों का मानना है कि नशे पर नियंत्रण के लिए केवल पुलिस कार्रवाई पर्याप्त नहीं होगी। इसके लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान, सामाजिक सहभागिता और अभिभावकों की सतर्कता बेहद जरूरी है। प्रशासन को सख्ती के साथ अवैध कारोबार पर अंकुश लगाना होगा, अन्यथा इसके दुष्परिणाम आने वाले समय में और भी गंभीर रूप ले सकते हैं।

एसडीओपी रोशन कुमार जैन का कहना है आपके द्वारा गांजे का मामला संज्ञान में आया है, थाना प्रभारी को निर्देशित कर क्षेत्र में सर्चिंग अभियान चलाया जाएगा।

### विद्यार्थियों को जल, नदी और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण व महत्व के बारे में समझाया

# विश्व पृथ्वी दिवस पर सांदीपनि विद्यालय का नदी को जानो कार्यक्रम आयोजित, दिलाई जल संरक्षण की शपथ






हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सांदीपनि विद्यालय भैरूंदा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 'नदी को जानो' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम नीलकंठ घाट स्थित नर्मदा नदी तट पर संपन्न हुआ, जहां विद्यार्थियों को जल, नदी और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का महत्व समझाया गया। विद्यालय के इको क्लब के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने न केवल स्वयं जानकारी प्राप्त की, बल्कि घाट पर पहुंचे नागरिकों को भी जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने घाट परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश भी दिया।

इको क्लब प्रभारी प्रीति चौहान ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नदियों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के आयोजन एवं प्रबंधन प्रभारी सतीश दुबे ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक शिक्षा देना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को संस्कारवान, अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है।

उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ छात्रों में नैतिक मूल्यों, पर्यावरण चेतना और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करना विद्यालय की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से विद्यार्थियों को नीलकंठ घाट पर लाकर उन्हें प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर राधिका भवरेटा, योगेश पंवार, सचिन त्रिवेदी, सत्यनारायण कुशवाह, गोविंद खापरे सहित विद्यालय स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

छात्रा दीपाली मालवीय ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कार्यक्रम से उन्हें नदी और जल संरक्षण के महत्व की उपयोगी जानकारी मिली है और वे भविष्य में जल बचाने के लिए प्रयासरत रहेंगी। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने जल संरक्षण की शपथ लेकर पर्यावरण रक्षा का संकल्प लिया।

## मानसिक स्वास्थ्य व छात्र कल्याण के लिए राष्ट्रीय कार्यबल की पहल पर प्रेरणादायक व्याख्यान आयोजित



**सीहोर।** महाविद्यालय में राष्ट्रीय कार्यबल द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष मोटिवेशनल टॉक्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास तथा मानसिक सुदृढ़ता को विकसित करना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री द्वारा की गई। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में आने वाली चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने तथा मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव प्रबंधन तथा आत्म-संवर्धन के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही यह संदेश दिया गया कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहना ही सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम में NTF के सदस्यगण डॉ. मंगला रायबोले, डॉ. पूजा कश्यप, कु. नूरजहाँ हाशमी, रवि विरहा एवं चित्रांश खरे सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने अपने विचारों से विद्यार्थियों को प्रेरित किया और उन्हें जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया।

## भारी मशीनों से करोड़ों की लागत से बनी सड़कें अब सिर्फ धूल और गड्ढों का ढेर रह गईं

# सेकनपुर में दिनदहाड़े तो सेमलापार में रात के अंधेरे में सीना चीर रही पोकलेन, अफसर मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि उन्हें न तो कानून का भय है और न ही प्रशासन की परवाह। पार्वती नदी अब सिर्फ रेत निकालने का जरिया नहीं, बल्कि माफियाओं की निजी जागीर बन चुकी है। आलम यह है कि सेकनपुर खदान पर दिन के उजाले में बेखौफ होकर भारी मशीनों से सीना छलनी किया जा रहा है, वहीं सेमलापार में रात के सन्नाटे को पोकलेन की गड़गड़ाहट चीर रही है। दो दिन पहले हरिभूमि में खबर के प्रकाशन के बाद भी स्थिति जस की तस है, जिससे यह साफ है कि माफिया का पावर शासन और प्रशासन से भी बड़ा हो चुका है।




बेखौफ चल रही पोकलेन मशीनें, राजस्व को करोड़ों की चपत
पार्वती की छाती छलनी करने में लगा रेत माफिया

### आतंक का दूसरा नाम रेत माफिया

क्षेत्र में माफियाओं का इस कदर आतंक है कि ग्रामीण उनके खिलाफ बोलने से भी डरते हैं। लोगों में इतना भय है कि कोई उस तरफ जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। यह सिर्फ अवैध उत्खनन नहीं है, बल्कि पार्वती नदी के अस्तित्व को खत्म करने की साजिश है। माफियाओं ने नदी के स्वरूप को इस तरह बिगाड़ दिया है कि आने वाले समय में यह गंभीर पर्यावरणीय संकट खड़ा कर देगा।

### डामर गायब, सिर्फ गड्ढों का राज

सेकनपुर में इन माफियाओं की भारी मशीनों और ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली ने ग्रामीण इलाकों की सड़कों का दम निकाल दिया है। करोड़ों की लागत से बनी सड़कें अब सिर्फ धूल और गड्ढों का ढेर रह गई हैं। आलम यह है कि सड़क पर डामर ढूंढने से भी नहीं मिलता, लेकिन इन उजड़ी हुई सड़कों पर दौड़ते ट्रैक्टर ट्राली अधिकारियों की नजरों से ओझल हैं।


सुठालिया तहसील से महज 30 मिनट की दूरी पर लूट रही खनिज संपदा, जिम्मेदार झाड़ रहे अपना पल्ला
खबर का असर तो हुआ पर माफिया ने बदला पैंतरा, दिन में 'कर्फ्यू', रात में पोकलेन का 'तांडव'
खनिज अधिकारी ने फोन से बनाई दूरी, क्या विभाग की 'शरण' में फल-फूल रहा है रेत का काला कारोबार?

**खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल:** सबसे बड़ा सवाल खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर उठता है। खनिज अधिकारी किसी का फोन उठाना जरूरी नहीं समझते। क्या साहब की चुप्पी रेत माफियाओं के प्रति उनकी वफादारी है? या फिर वे शासन की संपत्ति की इस खुली लूट को जानबूझकर नजरअंदाज कर रहे हैं? महज कुर्सी पर बैठकर वेतन लेना ही क्या उनका कर्तव्य रह गया है? एक तरफ माफिया अत्याधुनिक पोकलेन मशीनों से लैस हैं, वहीं दूसरी तरफ तहसीलदार साहब के पास मौके पर पहुंचने के लिए गाड़ी तक उपलब्ध नहीं है। प्रशासन का यह संसाधन विहीन चेहरा हास्यस्पद भी है और डरावना भी। जब रक्षक ही संसाधनों का रोना रोकर पीछे हट जाएं, तो जनता किससे उम्मीद करे?

**खास बातें**

- सेकनपुर सेमलापार में दिन दहाड़े चल रही पोकलेन मशीनों पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई?
- खनिज अधिकारी का फोन नहीं उठाना क्या मिलीभगत का संकेत है?
- ग्रामीण सड़कों के विनाश का जिम्मेदार कौन? क्या माफिया से इसकी वसूली होगी?
- सेकनपुर से सेमलापार तक गुंडागर्दी, क्या प्रशासन से भी ऊंचा है रेत माफिया का कद?

**इनका कहना है...**

हम समझ रहे देख रहे हैं, कार्यवाही करेंगे। हम मीटिंगों में लगे रहते हैं। थोड़ा टाइम कम है। हम काम करेंगे और कार्यवाही भी करेंगे।

**रणधीरसिंह मीणा,** चार्ज प्रभारी तहसीलदार सुठालिया

---

## साल 2022 में घटित हुआ था यह अपराध

# चांदी के कड़ों के लिए काटे थे वृद्धा के पैर, 3 को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

धन और पैसों का लालच इंसान को अंधा कर देता है और इसी लिप्सा में व्यक्ति जधन्य अपराध भी कर बैठता है। फरवरी 2022 में जिले के भोजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदी के कड़ों के लिए एक वृद्ध महिला के हाथ-पैर काटकर उसकी हत्या करने वाले 3 आरोपियों को राजगढ़ न्यायालय ने सश्रम आजीवन कारवास की सजा से दंडित किया है। आरोपियों पर कोर्ट ने अर्थदंड भी अधिरोपित किया है। चूंकि घटना के वक्त मौके पर कोई नहीं था, ऐसे में कोर्ट ने परिस्थितिजन्य सबूतों को दृष्टिगत रखते हुए यह फैसला सुनाया है।

प्रारंभिक जांच में मृतिका के पुत्र ने यह बताया कि उसकी मां शादी, विवाह के कार्यक्रम में खाना बनाने के लिए ख्वाजू, दिनेश व कमल के साथ जाती थी। घटना के एक दिन पहले भी उन्हीं के साथ खाना बनाने गई थी। उक्त बयानों के बाद तीनों अभियुक्तों को तलाश कर अभिरक्षा में लेकर कड़ी पूछताछ की गई जिसमें उन्होंने अपराध कबूल कर लिया। आरोपियों से चांदी का एक कड़ा, लोहे का धारदार छुरा एवं अन्य सामग्रियों को जप्त किया गया। न्यायालय के समक्ष अभियोजन की ओर प्रकरण के 11 गवाहों के कथन कराये गए। इसके साथ ही अंतिम मौके तक सजा दिलाने के लिए लिखित एवं मौखिक अंतिम बहस पेश की गई। जिसके आधार पर सभी आरोपी दोषी करार दिये गये।

**खास बातें**

- हत्या करने के आशय हेतु एवं अवसर की उपलब्धता की परिस्थिति।
- अंतिम बार देखे जाने की परिस्थिति।
- अभियुक्तण के कब्जे से मृतिका के चांदी के कडे जप्त होने की परिस्थिति।
- मृतिका के पुत्र द्वारा चांदी के कडे (आंवले) की पहचान करना।
- मृतिका के प्रदर्शों पर अभियुक्तगण के रक्त नमूना के

### दोनों पैर काटकर कर दी थी हत्या

अभियोजन की ओर से प्रकरण में पैरवी करने वाले आलोक श्रीवास्तव ने बताया की 25.02.2022 को सूचनाकर्ता द्वारा सूचना दी गई थी कि मल्हारपुरा से माचलपुर जाने वाली रोड के पास खंती में एक महिला का शव पड़ा है। शव की पहचान शैतानबाई उर्फ शांतिबाई पत्नी नारायणसिंह सौंधिया निवासी पदमपुरा के रूप में हुई। मृतिका का दोनो पैर काट दिये थे एवं उसके गले पर भी धारदार हथियार से गला रेंतने की चोटें पाई गईं थीं। मामले में थाना भोजपुर के द्वारा देहाती नालसी पंजीबद्ध कर जांच की गई। घटनास्थल से मिट्टी, मृतिका की चप्पल व पास पडा कपडा जप्त करते हुए शव की पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। पीएम के दौरान डॉक्टर ने पाया कि मृतिका के हाथ में बाल फँसे हुए हैं, तब डॉक्टर द्वारा मृतिका की स्लाईड, कपडे एवं बाल संरक्षित कर थाना भोजपुर को भेजे। पुलिस के द्वारा धारा 302, 201 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। मृतिका के पुत्र यह बताया गया था कि मां पैरों में चांदी के कड़े पहनती थी जो उनके पैरों में नहीं हैं।

---

## मजदूर संघ ने नारेबाजी करते हुए रखी जायज मांगें

# आउटसोर्स कर्मियों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




जिले के विभिन्न विभागों में आउटसोर्स पद्धति से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों के हितों, उनकी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में भारतीय मजदूर संघ मुखर होकर सामने आया है। इसी कड़ी में मंगलवार दोपहर संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा।

ज्ञापन में आउटसोर्स कर्मचारियों से संबंधित प्रमुख समस्याओं का विस्तारपूर्वक उल्लेख करते हुए उनके शीघ्र निराकरण की मांग की गई। कर्मचारियों ने सेवा शर्तों में सुधार, वेतन विसंगतियों के निराकरण, समय पर वेतन भुगतान तथा ईएसआई, पीएफ जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं को सुनिश्चित किए जाने की प्रमुख मांग रखी। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी एवं एवं आउटसोर्स कर्मचारी उपस्थित रहे। ज्ञापन का वाचन भारतीय मजदूर संघ के जिलामंत्री संजय शेखर शर्मा द्वारा किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को अवगत कराया कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो कर्मचारियों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि उक्त समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शासन स्तर पर प्रेषित किया जाएगा तथा यथाशीघ्र उचित कार्यवाही के प्रयास किए जाएंगे।

इस अवसर पर संघटन पदाधिकारी पवन मेहता, राजेश सक्सेना, विश्वास नायक गांवकर, पवन शर्मा, विनोद, मंगलेश मेहरा, पिंकी सोनी, श्रीमती प्रफुल्ल सोहंदिया, आकाश भिलाला, अशोक मिश्रा, बापूजी सुमन, महेंद्र सिंह जाट, श्री घनश्याम सोनी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# भारतीय किसान संघ ब्लॉक इकाई ने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

भारतीय किसान संघ ब्लॉक इकाई द्वारा मंगलवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम रोहित बम्होरे को ज्ञापन सौंपा। जिसमें भारतीय किसान संघ किसानों की समस्याओं को लेकर समय समय पर शासन प्रशासन को अवगत कराते आया है। साथ ही किसानों के स्लाट बुक होने में आ रही परेशानी को दूर कर सभी किसानो के स्लाट बुक करवा कर पंजीयन पर गेहू तुलवाए जाए। कृषि पम्प के पुराने तार एव झूले हुए तार एवं खम्बे को सही किया जाए। इन्ही झूले हुए तारो की वजह से आए दिन आगजनी की दुर्घटना होती रहती है जिससे किसानों को नुकसान होता है।

पराली जलाने पर जो भी कार्यवाही शासन द्वारा किसानो पर की गई उस पर रोक लगाई जावे एवं पराली प्रबंधन के लिये शासन द्वारा उचित कार्यवाही की जाए। मण्डीयों में गेंहू समर्थन मूल्य से कम नही बिकना चाहिए इसके लिए शासन उचित प्रबंधन करें। सोलर पम्प के लिए किसानो द्वारा राशि जमा की गई उन्हें तुरुन्त सोलर पम्प लगाकर दिया जाए। तहसीलदार के यहाँ रास्ते के जितने भी लंबित प्रकरण हैं उनका समय पर निराकरण कराया किया जाए जिससे किसानों को आने जाने में परेशानी न हो। ग्राम कलालीमाताजी में दराना जाने वाला रास्ता मनरेगा से बना हुआ है उस पर कुछ लोगो के द्वारा अवैद्य कब्जा करने के कारण 60 से 70 किसानो को निकलने एवं फसल को लाने ले जाने में समस्या आती है वहां अतिक्रमण हटवाया जाए। किसानो को सेटेलाइट सर्वे मान्य नहीं है। इसलिए सैटेलाइट सर्वे बंद करने की मांग की। इस अवसर पर संभागीय सदस्य समंदरसिंह राजपूत, जिला उपाध्यक्ष भगवानसिंह पाटीदार, जितेंद्र नागर, तहसील अध्यक्ष देवनारायण नागर, उपाध्यक्ष सुनील पाटीदार, चंद्र प्रकाश पाटीदार, मुरली पाटीदार सहित अन्य किसान मौजूद थे।




---



# प्रतिनिधि मंडल ने एसपी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर में पुलिस की कथित ज्यादती और मनमानी के विरोध में फूलमाली समाज जिला पंचायत का एक प्रतिनिधि मंडल पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने समाज के युवाओं के साथ भेदभावपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान माली समाज जिला अध्यक्ष संतोष पुष्पद ने बताया कि हाल ही में हुई चाकूबाजी की घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है, जो इंदौर के अस्पताल में भर्ती है। घायल के शरीर पर 4-5 चाकू के घाव होने के बावजूद आरोपियों पर केवल हल्की धाराएं लगाकर छोड़ दिया गया, जो पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि खारिया मोहल्ले के एक युवक को पुलिस ने 24 घंटे तक थाने में बैठाकर प्रताड़ति किया और बाद में निर्दोष पाकर छोड़ दिया। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि पूर्व में भी प्राणघातक हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया था, जिसमें 7 दिनों में कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। शुक्रवार को घायल युवक विमल के पिता कैलाश पुष्पद को भी पुलिस द्वारा घर से उठाकर थाने ले जाया गया, जिन्हें बाद में एसपी के निर्देश पर छोड़ दिया गया। इस दौरान एसपी अमित तोलानी ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### 28 अप्रैल को थाने के घेराव की चेतावनी

फूल माली समाज ने 28 अप्रैल को राजगढ़-गुना इकाई के बैनर तले सारंगपुर थाने का घेराव कर प्रदर्शन करने की घोषणा की है। समाज के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश पुष्पद, जिला सचिव महेश पुष्पद, संगठन मंत्री नीरज पुष्पद, महामंत्री महेंद्र पुष्पद, उपाध्यक्ष रामबाबू पुष्पद सहित समाज के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

## बोलेरो व बाइक की भिड़ंत में दो की मौत, चालक गंभीर घायल



**सारंगपुर।** मंगलवार को पड़ाना चौकी क्षेत्र के ग्राम करौंदी जोड़ पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बोलेरो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बोलेरो जीप और बाइक के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो वाहन पलटी खा गया। हादसे में बाइक सवार नवीन नायक निवासी अलूनी और अशोक शर्मा निवासी पड़ाना की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बोलेरो चालक अर्जुन पिता मुंशीलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस एवं एम्बुलेंस को दी। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों व मृतकों को सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद नवीन नायक और अशोक शर्मा को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल चालक अर्जुन का उपचार जारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों का पोस्टमार्टम करवाया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिए। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## तपती गर्मी में मटकों की बढ़ी मांग, ठंडे पानी के लिए लोगों का भरोसा फिर लौटा



**सारंगपुर।** इन दिनों भीषण गर्मी का असर साफ नजर आ रहा है। तापमान लगातार बढ़ने के साथ ही लोगों का रुझान पारंपरिक साधनों की ओर बढ़ रहा है, खासकर ठंडा पानी पाने के लिए मिट्टी के मटकों की मांग तेजी से बढ़ गई है। नगर के विभिन्न स्थानों पर कुम्हारों द्वारा तैयार किए गए मटके, घड़े और सुराही की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। गर्मी के मौसम में मिट्टी के बर्तन न केवल पानी को प्राकृतिक रूप से ठंडा रखते हैं, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी माने जाते हैं। प्लास्टिक और फ्रिज के ठंडे पानी की तुलना में मटके का पानी अधिक शीतल और स्वादिष्ट होता है। यही कारण है कि लोग एक बार फिर पारंपरिक विकल्पों को अपनाने लगे हैं। स्थानीय कुम्हारों का कहना है कि हर साल गर्मी के मौसम में उनकी बिक्री बढ़ जाती है, लेकिन इस बार तापमान अधिक होने से मांग और भी ज्यादा है। कई कारीगर दिन-रात मेहनत कर मटकों का निर्माण कर रहे हैं ताकि बाजार की जरूरत पूरी की जा सके। इससे उनके रोजगार को भी मजबूती मिल रही है।
दूसरी ओर, आम नागरिक भी मटकों को किफायती और उपयोगी विकल्प मान रहे हैं। कम कीमत में उपलब्ध ये मटके बिजली की खपत के बिना ठंडा पानी उपलब्ध कराते हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलता है। कुल मिलाकर, भीषण गर्मी के बीच मटकों की बढ़ती मांग ने एक बार फिर पारंपरिक जीवनशैली और स्थानीय कारीगरों की अहमियत को उजागर कर दिया है।

---

## नगर में पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का चल रहा आयोजन

# गुर्जर समाज ने बनवाया मंदिर, आज विराजेंगे भगवान देवनारायण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के मध्य प्राचीन समय से स्थित भगवान देवनारायण का गुर्जर समाज द्वारा मंदिर का निर्माण करवाया गया है। मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद अब समाज समिति द्वारा पंच दिवसीय आयोजन किया जा रहा। इस तारतम्य के शुरुआत में नगर में कलश शोभायात्रा निकालने के साथ ही पांच दिवसीय महोत्सव का श्री गणेश हुआ। यज्ञाचार्य पं. टीकाराम दुबे गागोरनी वाले के मुखारविंद से वैदिक मंत्रोच्चारण किया जा रहा। गुर्जर समाज द्वारा मुख्य वेदी यजमान, वेदी यजमान, कलश चढ़ाने के लिए समाज बंधुओं के नाम तय किए गए। जिनमें कलश चढ़ाने के यजमान रामचंद्र गुर्जर शिक्षक, मुख्य वेदी यजमान दिनेश गुर्जर महर्षि स्कूल प्राचार्य सहित यजमान कमल गुर्जर , सूजानसिंह गुर्जर, सांवरिया गुर्जर, शोभाराम गुर्जर, हेमराज गुर्जर, पवन गुर्जर ऊंचावदा विधि-विधान से पूजा अर्चना कर रहे हैं।

भगवान देवनारायण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का यह आयोजन 18 अप्रेल 26 से श्री गणेश हुआ, जो 23 अप्रैल को प्राण-प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति उपरांत महाप्रसादी के साथ संपन्न होगा।

---

## जिलाधिकारियों से की प्रेरक मुलाकात

# सिविल सेवा दिवस पर प्रशासनिक तंत्र से रूबरू हुए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस के अवसर पर कल स्वामी विवेकानंद विद्यालय, राजगढ़ के विद्यार्थियों ने जिले के सिविल सेवा अधिकारियों से भेंट कर उनका प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान बच्चों ने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, डिप्टी कलेक्टर ज्योति बगवैया से भेट की। अधिकारीगणों ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में पूछा।

जिलाधीश ने जब एक बच्चे से पूछा की तुम्हे क्या बनना है ? प्रश्न के उत्तर में विद्यार्थी ने कहा की वह सर्वप्रथम एक अच्छा इंसान बनना चाहता है। इस उत्तर से कलेक्टर अत्यंत प्रभावित हुए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे जीवन में जिस भी पद पर पहुँचें, पर पहले एक अच्छे इंसान और अच्छे नागरिक बने और अपने परिवार और समाज की सेवा को सर्वोपरि रखें। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने विद्यार्थियों को अपने पास बैठाकर उनसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा उनके प्रश्नों का उत्तर दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्ड्स को देखकर उन्होंने राष्ट्रीय प्रतीक एवं तिरंगे के रंगों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य ए. साहा एवं उप-प्राचार्य श्रीमती श्वेता व्यास को बच्चों के कीर्तिमान भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।




### डिप्टी कलेक्टर ने भी किया सार्थक संवाद

डिप्टी कलेक्टर ज्योति बगवैया ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में देश सेवा करने तथा समाज और परिवार के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों ने भी भविष्य में इन अधिकारियों के पदचिह्नों पर चलते हुए देश सेवा करने तथा समाज और परिवार के हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

---

## आधार संशोधन: डाकघरों में 25 को विशेष कैंप

**राजगढ़।** आधार कार्ड में संशोधन एवं अपग्रेडेशन के लिए हेडपोस्ट ऑफिस सहित जिले के अन्य डाकघरो में 25 अप्रैल को विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। प्रातः 8 बजे से लगने वाला यह विशेष शिविर शाम 5 तक चलेगा। इस हेतु संबंधित व्यक्तियों को 23 अप्रैल एवं 24 अप्रैल को टोकन प्रदान किए जाएंगे ताकि उन्हें किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। सीहोर डाकघर मुख्य अधीक्षक ने बताया कि यह विशेष कैंप राजगढ़ हेड पोस्ट ऑफिस सहित उप-डाकघर ब्यावरा, नरसिंहगढ़, खुजनेर, सारंगपुर, कुरावर एवं जीरापुर में आयोजित होगा। जिन व्यक्तियों को अपने आधार के नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर आदि संशोधन सहित बायोमैट्रिक अपडेट इत्यादि करवाना है, वे अपने निकट के डाकघर में पहुंचकर पंजीयन करवाते हुए टोकन प्राप्त कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### आज निकाली जाएगी भव्य शोभा यात्रा

**सीहोर।** शहर के जयंती कालोनी के भव्य परिसर में श्री हनुमान मंदिर बस स्टैंड समिति के तत्वावधान में भव्य श्री 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा यहां पर कथा व्यास राष्ट्रीय राम कथा व्यास मानस कोकिला महंत डॉ. प्रज्ञा भारती द्वारा श्रीराम कथा का वाचन किया जा रहा है। इस मौके पर यज्ञ संचालक पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे, मंदिर समिति के अध्यक्ष रुद्रप्रकाश राठौर ने बताया कि गुरुवार को देव पूजन, हवन, महाभिषेक एवं भव्य शोभा यात्रा राम बारात निकाली जाएगी। शाम को पांच बजे हनुमान मंदिर से निकाली जाने वाली शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंचेगी। इस मौके पर यहां पर दिव्य अनुष्ठान किए जाएंगे। यज्ञाचार्य पंडित दीपक शास्त्री, पंडित अनिल शर्मा ने अपने सहयोगी पंडितों की सहायता के साथ मंत्रोच्चारण से भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी, वरुण देवता, श्रीराम, शिव पूजन के साथ साथ यजमानों ने विश्व कल्याण के लिए हवन में आहुति डलवाई। सुबह से ही यज्ञशाला की 108 परिक्रमा करने के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ था। भक्तजन भगवान के विभिन्न नामों का उच्चारण करके परिक्रमा कर रहे थे। 108 पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे बाबा ने बताया कि जो भक्त सच्चे मन और निष्ठा के साथ यज्ञशाला की परिक्रमा करता है, उसके मन को शांति मिलती है और शरीर में छिपे दुख कष्ट दूर होते हैं।

### रबी फसल उपार्जन व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की, एसडीएम ने निर्देश दिए

# शिकायत या अनियमितताएं मिली तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी

### एसडीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के उपार्जन केन्द्रों का नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



रबी उपार्जन सत्र को व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से अनुविभागीय अधिकारी महो.(राजस्व) नितिन कुमार टाले द्वारा खंड स्तरीय उपार्जन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि उपार्जन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। बैठक के दौरान एसडीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के उपार्जन केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करें तथा सतत निगरानी बनाए रखें, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनियमितता सामने न आए। सभी केन्द्रों पर केवल एफएक्यू गुणवत्ता की उपज का ही उपार्जन सुनिश्चित किया जाए और गुणवत्ता मानकों से किसी प्रकार का समझौता न हो। किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए केन्द्रों पर पेयजल, छाया, बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी कहा गया कि केन्द्रों पर आने वाले किसानों को व्यवस्थित रूप से टोकन जारी किए जाएं, जिससे उन्हें लंबी कतारों में खड़ा न रहना पड़े और उपार्जन प्रक्रिया सुचारू रूप से चलती रहे। बैठक में उपार्जन कार्य को गति देने के लिए यह भी निर्देशित किया गया कि निर्धारित स्लॉट के अनुसार हम्माल एवं तौल कांटों का संचालन किया जाए, जिससे समयबद्ध तरीके से उपज की तुलाई हो सके और किसानों को अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े।मौसम में हो रहे बदलाव को ध्यान में रखते हुए एसडीएम ने सभी केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि केन्द्रों पर तिरपाल की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए, ताकि अचानक बारिश या खराब मौसम की स्थिति में अनाज को सुरक्षित रखा जा सके। साथ ही किसानों से भी अपील की गई कि वे अपनी उपज के साथ तिरपाल अवश्य लेकर आएं, जिससे फसल को नुकसान से बचाया जा सके। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि उपार्जन कार्य में पारदर्शिता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। किसी भी प्रकार की शिकायत या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को समय पर भुगतान एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।इस महत्वपूर्ण बैठक का मुख्य उद्देश्य रबी उपार्जन व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाना रहा, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और उनका अनाज समय पर एवं उचित प्रक्रिया के तहत खरीदा जा सके।

# खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर बेहतर व्यवस्थाओं के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत संचालित गेहूं खरीदी केंद्रों का अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नितिन कुमार टाले एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मृगी अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सवारिया वेयरहाउस, मुकाती किसान सेवा केंद्र एवं हरिओम वेयरहाउस पर संचालित उपार्जन केंद्रों का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने केंद्रों पर किसानों के लिए उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं जैसे पेयजल, शेड एवं अन्य व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे सुचारू रूप से अपनी उपज विक्रय कर सकें।

केन्द्रों पर प्रतीक्षारत किसानों की तौल प्रक्रिया को तेज करने के लिए उपार्जन संस्थाओं को टोकन जारी करने तथा तौल कांटों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही गेहूं की गुणवत्ता व वजन संबंधी मापदंडों की भी जांच कर उओर्जन संस्थाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

### छात्राओं को कराया पशु आहार संयंत्र का भ्रमण

**सीहोर।** शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज की छात्राओं को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रायोजित एक्सपोजर विजिट के अंतर्गत पचामा स्थित सांची पशु आहार संयंत्र का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान छात्राओं को औद्योगिक प्रक्रियाओं, गुणवत्ता मानकों एवं उत्पादन प्रणाली की व्यवहारिक जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रमोद शर्मा एवं विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज जैन ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, व्यावहारिक ज्ञान एवं कौशल संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें भविष्य में रोजगारोन्मुख बनने में सहायता प्रदान करते हैं।

# कन्यादान फाउंडेशन की अनूठी पहल: सेनेटरी पैड की बिक्री से जुटाए फंड से कराया कन्यादान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



समाज में सामाजिक सरोकार और महिला सशक्तीकरण की मिसाल पेश करते हुए 'कन्यादान फाउंडेशन' एक नई लकीर खींच रहा है। यह संस्था न केवल जरूरतमंदों का सहारा बन रही है, बल्कि महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर भी बना रही है।

### पैड से कन्यादान तक का सफर

संस्था का कार्य करने का तरीका बेहद अनूठा है। कन्यादान फाउंडेशन सेनेटरी पैड के निर्माण और बिक्री से होने वाले मुनाफे का एक बड़ा हिस्सा 'कन्यादान कोष' में जमा करता है। इस कोष का उपयोग समाज की उन बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग देने के लिए किया जाता है, जिनके परिवार आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं। फाउंडेशन केवल दान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिला सशक्तीकरण की दिशा में भी सक्रिय है। संस्था द्वारा ग्रामीण और शहरी महिलाओं को घर बैठे रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे अपने परिवार की आय में योगदान दे सकें और आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो सकें।

### बिटिया को दी 51 हजार की राशि

कन्यादान फाउंडेशन ने रविवार को आष्टा अंतर्गत आने वाले ग्राम अरनिया जौहरी निवासी ग्रामीण तकतसिंह की सुपुत्री के विवाह के अवसर पर उनके परिवार को 51,000 रुपये की आर्थिक सहायता राशि भेंट की।

इस अवसर पर कन्यादान फाउंडेशन के संस्थापक ऋषि सरदाना, काजल सक्सेना, बिजनेस हेड दीपा श्रीवास्तव, देवयानी सक्सेना, मेघा विश्वकर्मा, सुषमा परमार, रूपाली सक्सेना, सीमा परमार, दीपिका जाधव, सविता बालोदिया, राधा कुंवर, ज्योति वर्मा व संस्था के सदस्य गण अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस सहयोग ने न केवल विवाह समारोह को गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न कराने में मदद की। बल्कि संस्था के नेक उद्देश्यों को भी समाज के सामने स्पष्ट किया। इस दौरान राशि प्राप्त करने के बाद गरीब बिटिया ने कन्यादान फाउंडेशन की इस पहल की जमकर सराहना की है और इसे अन्य संस्थाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया है।

# प्राचीन बांसवाड़ा जगन्नाथ मंदिर महायज्ञ के लिए भूमि-पूजन संपन्न, श्रद्धा और विधि-विधान के साथ आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पार्वती नदी के तट पर अलीपुर स्थित प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में प्रस्तावित भव्य महायज्ञ के अंतर्गत पावन पर्व अक्षय तृतीया पर भूमि पूजन कार्यक्रम विधि-विधान एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सम्पन्न हुआ। भूमि पूजन के साथ चारों दिशाओ की पूजा एवं ध्वजारोहण भी सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर संत-महात्माओं के सन्निध्य में यज्ञ स्थल का पूजन कर महायज्ञ के औपचारिक शुरुआत की गई। पूरे आयोजन में श्रद्धा, आस्था और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी उपस्थित हुए।आपको बता दें श्री जगन्नाथ मंदिर में महायज्ञ और भूमि पूजन को लेकर समिति कई दिनों से तैयारियां कर रही है और इसी के चलते यज्ञ स्थल पर भूमि समतलीकरण का कार्य भी पूर्ण किया गया जिससे अयोजन स्थल को सुव्यवस्थित रूप दिय जा सका।

भूमिपूजन के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति भाव का माहौल देखने के मिला और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह नजर आग। इस आयोजन में महामंडलेश्वर महाराज के मार्गदर्शन में शीतला माता मंदिर समिति के अध्यक्ष दिनेश सोनी सहित शीतला माता मंदिर समिति, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षद रवि शर्मा, भाजपा नेता संजीव पांचम, प्रेमनारायण शर्मा, सकल हिन्दू समाज प्रमुख नरेंद्र कुशवाह, मठाधीश मुकेश नामदेव, राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष भूरू मुकाती, पत्रकार संजीव गुप्ता, संजय वर्मा, मानस भवन समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण कामरिया, राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष गोविंद सोनी (बहुरानी) मंदिर के पुजारी दुर्गेश पाठक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।भूमिपूजन के दौरान पंडित कन्हैयालाल शर्मा ने आगामी कार्यक्रम को लेकर भी जानकारी दी, वहीं धार्मिक पूजन पंडित गजेंद्र शास्त्री द्वारा विधिवत सम्मन्न करवाया गया। आयोजन समिते के अनुसार आगामी दिनों में महायज्ञ से जुड़े अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी किए जाएंगे जिनकी तैयारियां निरंतर जारी हैं।

# तहसीलदार ने गेहूं उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया, व्यवस्था देखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



तहसील जावर में गेहूं उपार्जन कार्य की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा द्वारा विभिन्न उपार्जन केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अंबिका वेयरहाउस ग्वाला, पटेल वेयरहाउस ग्वाला, महाकाल वेयरहाउस भंवरीकला, पटेल वेयरहाउस कान्याखेड़ी तथा मां सावत्रा वेयरहाउस कजलास का निरीक्षण किया गया तहसीलदार ने केंद्रों पर गेहूं की सही तुलाई, बारदानों की उपलब्धता एवं किसानों के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र प्रभारी एवं सर्वेयर को उपार्जन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार ने उपस्थित किसानों से भी चर्चा कर केंद्रों की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और उनकी समस्याओं को सुना। तहसीलदार ने बताया कि उपार्जन कार्य को शासन के निर्देशानुसार सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाए रखने हेतु केंद्रों का सतत एवं नियमित निरीक्षण किया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। केंद्रों पर आए किसानों को परेशानी न हो।

### राजस्व और पुलिस की टीम ने विवादित स्थल का सीमांकन किया



**आष्टा।** बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी के आदेश के पालन में कस्बा आष्टा पटवारी हल्का नंबर 49 स्थित भूमि खसरा नंबर 360/5/1 रकबा 17.333 हैक्टेयर भूमि नौयत शासकीय आबादी के अंश भाग मोहल्ला मारुपूरा के विवादित स्थल का सीमांकन गठित दल द्वारा CMO नगर पालिका आष्टा, वक्फ बोर्ड अध्यक्ष, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष और पंचगण की उपस्थिति में सीमांकन किया गया। मौके की स्थिति से उपस्थित पंचगणों को अवगत करवाया गया।

### ग्राम पंचायत लोरस कला में 65 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

# विकसित मप्र का सपना होगा पूरा: गोपल इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के मैना मंडल में आने वाली ग्राम पंचायत लोरस कला में आज विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ग्राम में होने वाले तीन बड़े विकास कार्यों का भूमि पूजन सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्तिथि में विधि विधान से किया। आज विधायक इंजीनियर ने ग्राम में 25 लाख से बनने वाले सामुदायिक भवन,20 लालच से बनने वाली सीसी रोड,ग्राम छापरी में 20 लाख से बनने वाले टीन शेड,50 हजार से बनने वाले चबूतरे निर्माण का भूमिपूजन किया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने एवं मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी ने देश एवं प्रदेश को 2047 तक विकसित भारत एवं विकसित मप्र बनाने का लक्ष्य तय किया है । ये लक्ष्य तभी पूर्ण होगा जब प्रत्येक ग्राम हमारा विकसित होगा।

इंजीनियर ने कहा की हम सब विकास कार्यो के माध्यम से विकसित भारत एवं मप्र के इस ही लक्ष्य को पूर्ण करने में जुटे है। हमारी सरकार रोटी, कपड़ा, मकान, स्वास्थ, शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर ग्रामो के विकास में जुटी है । विधायक ने अपना संकल्प दोहराया की विधानसभा क्षेत्र का हर गांव का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। आष्टा विधानसभा के हर मंडल में, हर पंचायत तक विकास पहुंचाना मेरा संकल्प है। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवन सिंह मंडलोई ने की। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मंच पर मंडल अध्यक्ष सुनील आर्य, जनपद सदस्य ज्ञान सिंह मंडलोई,रामचंद्र परमार बगड़ावदा, कमल सिंह यादव हुसैनपुर खेड़ी, देवराज ठाकुर खामखेड़ा बैजनाथ, लखन मेवाड़ा मंडल मंत्री छापरी, जनपद सदस्य ज्ञान सिंह मंडलोई, लोरास कला के सरपंच रमेश डिंगोदिया, पूर्व जनपद सदस्य सूरज मेवाडा सहित अनेक सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन भूमिपूजन कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्तिथ रहे। कार्यक्रम का संचालन विष्णु परमार हकीमाबाद द्वारा किया गया। क्षेत्र के सभी ग्रामीणों ने विकास कार्यों की सौगात देने पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का आभार व्यक्त किया।

# पुलवामा के अमर शहीदों को नपाध्यक्ष कार्यालय पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पुलवामा आतंकी हमले की बरसी के अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा के निज कार्यालय पर गरिमामय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस दौरान माँ भारती की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों और हमले में हताहत हुए नागरिकों को याद कर उन्हें नमन किया गया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा सहित उपस्थितजनों ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर शहीदों को स्मरण करते हुए कहा कि पुलवामा का हमला देश के इतिहास का एक काला दिन है, लेकिन हमारे जवानों की शहादत ने पूरे विश्व को भारत की अटूट शक्ति और साहस का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि देश इन वीरों के सर्वोच्च बलिदान का हमेशा ऋणी रहेगा। श्रद्धांजलि सभा के दौरान दो मिनट का मौन रखकर वीर शहीदों और आम नागरिकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने युवाओं से इन शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेने और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहने का आव्हान किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पूरण मेवाड़ा, जितेन्द्र बुदासा, लाड़सिंह ठाकुर, वैभव मेवाड़ा, राजकुमार सांवरिया, मनीष किल्लौदिया आदि मौजूद थे।